

## एक नजर में

### लापरवाही बरतने पर सम्भाग आयुक्त सिंह ने किया सस्पेंड

**देवास।** संभाग आयुक्त उज्जैन आशीष सिंह ने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही, उदासीनता एवं अनियमितता पर अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग देवास आनंद मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय आयुक्त कार्यालय उज्जैन संभाग उज्जैन रहेगा तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी।

### कांग्रेसियों ने मंत्री विजयवर्गीय का किया पुतला फूंका



**सोनकच्छ।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। इसी में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनकच्छ द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि घटना के बाद जब मीडिया द्वारा मंत्री विजयवर्गीय से सवाल पूछे गए तो उन्होंने संतोषजनक जवाब देने के बजाय आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। साथ ही कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल जब भागीरथपुरा में मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचा तो उन्हें सरकार के दबाव में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिलने से रोका गया। कांग्रेस ने मांग की है कि दूषित पानी से हुई मौतों के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव को जिम्मेदार मानते हुए उनके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए। पुतला दहन के बाद मृतकों को मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित करते की। कांग्रेस ने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निर्देशानुसार यदि 11 तारीख तक कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा नहीं होता है, तो जीतू पटवारी के नेतृत्व में इंदौर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। आज हुए पुतला दहन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पवार, जिप उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल, जप अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णपाल सिंह बघेल सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्यालय में भेंट किए फर्नीचर का लोकार्पण समारोह



**सोनकच्छ।** रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ के माध्यम से शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय उदयपुर, जलेरिया में फर्नीचर प्रोजेक्ट का लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ। यह सेवा कार्य रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ के पूर्व अध्यक्ष एवं सहायक मंडलाध्यक्ष रोटे दिनेश कारपेंटर के पूज्य पिताजी की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी माताजी श्रीमती कमला बाई कारपेंटर की प्रेरणा से कारपेंटर परिवार द्वारा दिनांक 3 जनवरी 2026 को किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को 10 सेट फर्नीचर भेंट किए गए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा प्राप्त होगी। लोकार्पण समारोह भारत सरकार के भूजल विशेषज्ञ सुधीन्द्र मोहन शर्मा के मुख्य आथित्य व पीडीजी सत्यनारायण लाठी, पीडीजी डॉ. जामिन हुसैन के विशिष्ट आथित्य, बीआरसी संतोष शर्मा, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाखन सिंह सेंधव के विशेष आतिथ्य एवं क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब एवं विद्यालय की ओर से श्रीमती कमला बाई कारपेंटर सहित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के सेवा प्रकल्पों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। समारोह में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष हुकमचंद अग्रवाल, सौभाग सिंह ठाकुर, मोहन सिंह बघेल, सुरेश चंद्र यादव, शंकरलाल शर्मा, आशीष अकोतिया, कमल नागर, ईश्वर सिंह जाधव, शंकर सिंह तोमर, पुष्पेन्द्र सिंह तोमर, अरुण शर्मा, आरसीसी के अखिलेश राठौर, राकेश राठौर, राजेश कारपेंटर, संदीप कारपेंटर, शुभम कारपेंटर सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण, नगर के प्रबुद्धजन एवं कारपेंटर परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब के पूर्व सचिव जितेन्द्र सिंह बघेल ने किया, एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय की ओर से लाखन सिंह सेंधव ने माना।

### आने वाले समय में नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र पीपरी में सीता लोक का निर्माण किया जाएगा : दादा गुरु



**बागली।** नव वर्ष 20 26 के आगमन पर शुक्रवार को निराहारी संत दादा गुरु देवास जिले की सीमा में हुआ राता गड़ गावं मे अपार उत्साह के साथ प्रवेश में बड़ी संख्या में क्षेत्र से जुड़े श्रद्धालु और दादा गुरु के साथ चल रहे हजारों की संख्या में अनुयायियों का संमागम हुआ रात्रि विश्राम पीपरी नर्मदा मंदिर पर रहा इस दौरान पिपरी के निकट सीता मंदिर परिसर के आसपास धार्मिक स्थलों के दर्शन किए स्थानीय श्रद्धालुओं ने लव कुश जन्म स्थान वाल्मीकि आश्रम के साथ-साथ चोसठ योगि नीयो का वास घोड़ा पछाड़ नदी सीता समाधि चकाचक हनुमान मंदिर महाभारत कालीन कावड़िया पर्वत आदि के विषय में बताया। निराहारी सतं दादा गुरु ने श्रद्धालु वो की उपस्थिति में कहा कि शीघ्र ही महाकाल लोक उज्जेन ,देवी लोक सलकनपुर, की तरह इस क्षेत्र में भी सीता लोक का निर्माण होगा इस स्थान की महिमा बताते हुए निराहारी सतं दादा गुरु ने बताया कि इस क्षेत्र में कई प्रकार के औषधि वाले पेड़-पौधे और वृक्ष हे साथ ही यह सिद्ध क्षेत्र है इस मार्ग क्षेत्र से प्रचिन काल से ही ऋषि मुनियों का संबंध रहा है। वर्तमान में भी बड़ी मात्रा में नर्मदा परिक्रमा वासी श्रद्धालु यहां पर रुकते हैं ।यह इसका जीवंत उदाहरण हे ।यह स्थान तीर्थ क्षेत्र के समान है। शीघ्र ही यहां पर सीता लोक बनाया जाएगा 35 किलो मीटर की देवास जिले की यात्रा में उनके साथ बागली विधायक मुरली भंवरा बोल बम कावड़ यात्रा के संयोजक गिरधर गुप्ता सीता लोकेश जेन अशोक पटेल मनीष पवार बबलू मुकेश प्रजापति सतीश दागीं अनुराग गुप्ता केलाश गुप्ता सहित कई श्रद्धालु शामिल रहे शुक्रवार को ही नर्मदा भक्त श्रद्धालु समागम सीता माता मंदिर पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था जितेंद्र चौहान सुमित गुप्ता एवं विनोद जायसवाल ने पूरी करते हुए। दादा गुरु का आशीर्वाद लिया। नर्मदा मंदिर पीपरी में रात्रि विश्राम के दौरान दादा गुरु के आशीर्वचन का लाभ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को मिला। अगले दिन पीपरी से सीता मंदिर रतनपुर बावड़ी खेड़ा होते गए यह धार्मिक समागम जयंती माता होते हुए खंडवा जिले में प्रवेश कर गया।


## वर्षों पुरानी पेय जल टंकियों की सफाई, ड्रेनेज से जुड़ी नल लाइन भी हो रही है चेक

**बागली नगर में पुरानी टंकी से और नई टंकी से 700 से अधिक नल कनेक्शन है**



**बागली।** दूषित पेयजल से इंदौर में हुई जनता त्रासदी को देखते हुए बागली नगर परिषद के वार्डों में सघन निरीक्षण अभियान जारी है। कुछ वार्डों में रखी पेयजल पानी की टंकियां को खोलकर अंदर से साफ किया गया जिन स्थानों पर पीने के पानी की पाइपलाइन नालियों के अंदर से गुजर रही है उन नालियों की भी सफाई की गई साथ ही पेयजल संबंधित नल पाइप को सुरक्षित किया गया। विगत दो दिनों से बागली नगर परिषद तेजल विभाग से जुड़े कर्मचारियों और सफाई मित्रों के सहयोग से व्यवस्थाओं को सुधारा जा रहा है। शनिवार इतवार को बागली नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव एवं नगर परिषद सीएमओ प्रमोद बरुवा ने स्वयं जाकर कई मोको पर निरीक्षण किया तथा ड्रेनेज से जुड़ी पेयजल पाइपलाइन को अलग करते हुए उन स्थानों की सफाई करवाई हमारे नवभारत संवाददाता को सीएमओ प्रमोद बरुआ ने बताया कि बागली नगर में पुरानी टंकी से और नई टंकी से 700 से अधिक नल कनेक्शन है। कुछ वार्ड में पाइपलाइन सप्लाई ड्रेनेज नाली के पास से गुजर रही है। जिन्हें सुरक्षित किया गया कुछ नगर वासियों के गड्ढों मैं भी नालियों का पानी मिल रहा था उन गड्ढो को भी रिपेयर करने के निर्देश दिए वार्ड क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 12 और गांधी कॉलोनी क्षेत्र से जुड़े पेयजल उपभोक्ताओं से चर्चा करते हुए साफ सुथरा पेयजल प्रदाय हो इस दिशा कर्मचारियों को निर्देशित किया नागरिकों ने बताया कि जब से यह पेयजल टंकिया रखी थी तब से लेकर पहली बार इनकी अंदर से सफाई हो रही है। कुछ नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद सीएमओ सुबह शाम जलप्राईडे के समय कुछ वार्ड में पानी का सैंपल लेकर उसे लेबोरेटरी में चेक कारण उस पानी की क्वालिटी का पता लग जाएगा इस संबंध में सीएमओ प्रमोद बुरवा ने कहा यह परीक्षण जरूर किया जाएगा फिर भी नागरीको से निवेदन है ।कि उनके यहां नलों की सप्लाई से गंदा पानी आने पर सूचित करें।

## जनपद सीईओ ने ग्राम गंजपुरा का किया निरीक्षण



**सोनकच्छ।** नगर की कालीसिंध नदी में कई महीनों से ग्राम गंजपुरा की नालियों का गंदा पानी मिल रहा था। इस ओर न तो जनप्रतिनिधि और न ही अधिकारी ध्यान दे रहे थे। लगातार आम जनता आक्रोश इनकी लापरवाही से फुटता नजर आ रहा था। इंदौर में भागीरथपुरा के मामले को देखते सोनकच्छ में ऐसी घटना न हो इसलिए नवभारत ने आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बुधवार के अंक में कालीसिंध नदी में मिल रहा है गंजपुरा की नालियों का पानी, यहीं से सोनकच्छ में की जाती है पेयजल की आपूर्ति शीर्षक से प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से तहसीलदार संजय गर्ग को कॉल आया कि उक्त मामले में कार्रवाई करें। जिसके बाद गर्ग शनिवार को ग्राम गंजपुरा पहुंचे थे व सचिव अम्बाराम चौहान को तत्काल मौके पर आने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने सचिव को सख्त निर्देश दिए है कि, जेसीबी से उक्त स्थल को साफ करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सोमवार तक नालियों का गंदा पानी रोकने के लिए निर्देशित किया था। साथ ही जिन घरों का गंदा पानी सड़कों पर और नालियों में जा रहा है। उन्हें रोके अगर नही मानते है तो पांच सौ रुपए की चालानी कार्रवाई करने के बाद शासन से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ रोकने की कार्रवाई करें। इसी कार्रवाई के बाद रविवार को जपं सीईओ गीतिका सोनी ने भी उक्त स्थल निरीक्षण किया व नदी में गंदे पानी की रोकथाम के निर्देश दिए व सोमवार तक सभी आवश्यक कार्य करने का कहा है।

## घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय में एकाग्रता पर व्याख्यान




**देवास।** 03 जनवरी को घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय देवास में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ऋतु बहन द्वारा ध्यान और योग से एकाग्रता पर व्याख्यान दिया गया। नृत्यगुरु प्रफुल्ल सिंह गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय में नृत्य शिक्षा के साथ आत्मिक बोध पर भी ध्यान देने हेतु यह व्याख्यान रखा गया था। ब्रह्माकुमारी ऋतु बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आध्यात्मिक जागरण जब जीवन में उतरता है तो वह भीतर ऐसी शक्ति जगाता है जो हर बंधन, हर कमजोरी को पीछे छोड़ने का सामर्थ्य देती है। नृत्य शिक्षा के मार्ग पर तो यह आध्यात्मिक एकाग्रता संजीवनी की तरह कार्य करता है। जब व्यक्ति का मन शान्त, विचार शुभ और भावनाएं निर्मल होती हैं तो उसका चेहरा स्वाभाविक रूप से प्रसन्नता और आभा से दमकने लगता हैं। आत्मिक साधना से उत्पन्न यह सौन्दर्य स्थायी, सम्पूर्ण और वास्तविक हैं। समय का सदुपयोग करें, सोशल मीडिया पर कम समय और ज्ञानवर्धक कार्यों पर अधिक समय दें। नैतिकता और मूल्यों को जीवन में अपनाएं, सत्य,शान्ति, प्रेम, करुणा जैसे गुणों को बढ़ावा दें। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का दिव्य परिवार हमें यही अमूल्य शिक्षा देता है। कार्यक्रम में बीके सन्तोष भाई, बीके गोविन्द परमार ने भी संबोधित किया। सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका संजीवनी कांत, आराधना जोशी, मुस्कान गोस्वामी, उमेश जोशी, रोहित सोनी, रोहित सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में स्वजनों की उपस्थिति रही। अन्त में आभार ज्योतिषाचार्य जितेन्द्र त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

## महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**देवास।** रविवार को सुबह 10 बजे मां कैलादेवी चौराहा स्थित अग्र कुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर नववर्ष के प्रथम रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द्र मोहन लाल गर्ग (नयापुरा) विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल, मोहनलाल अग्रवाल, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, महेश अग्रवाल, पवन गोयल, जगदीश प्रसाद गर्ग, दिनेश मोदी दिलीप अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, राजेंद्र गोयल, देवेंद्र बंसल, नारू अग्रवाल, संजय मित्तल, एवं अन्य वरिष्ठ समाजजन नवयुवक मंडल से मुकुल अग्रवाल, सौरभ गोयल, विपुल अग्रवाल, सौरव गुप्ता, भानु अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, हेमंत गोयल, सोनू मंगल, दिलीप अग्रवाल, प्रिंस गोयल, हेमंत अग्रवाल, पप्पू गोयल, डॉ अंकित अग्रवाल, दीपू गोयल, सचिन मंगल, दीपांशु गोयल , रोमित गोयल, मुकेश अग्रवाल पीयूष अग्रवाल अमन अग्रवाल और अन्य सभी युवा वर्ग साथी भी शामिल रहे। सभी महिला मण्डल की महिलाएं एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहीं।
।

## मृत्यु के बाद भी अमर हुई मानवता, राजकीय सम्मान के साथ दी विदाई



**देवास।** मानवता की सेवा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आज देवास का अमलतास मेडिकल कॉलेज एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना। सेवाधाम आश्रम (अंकितग्राम) में निवासरत प्रदीप वाडे (65 वर्ष) एवं रमा त्रेहान का देहदान संकल्प रविवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ पूर्ण हुआ। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार, देहदानियों को सर्वोच्च सम्मान देने के लिए अमलतास मेडिकल कॉलेज परिसर में पुलिस विभाग की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस भावुक क्षण के दौरान वहां उपस्थित पुलिस बल, कॉलेज डीन डॉ. ए.के. पीठवा. देवेंद्र दुबे, मेडिकल छात्र, डॉक्टर्स और परिजनों ने नम आंखों से इन महान आत्माओं को अंतिम विदाई दी। यह पुनीत कार्य सेवाधाम आश्रम, ग्राम अम्बोदिया (उज्जैन) के संस्थापक सुधीर भाई गोयल एवं मुस्कान ग्रुप के ट्रस्टी संदीपन आर्य के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ। गोयल ने बताया कि आयुष विभाग के निर्देशों और मृतकों की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए यह देहदान किया गया है। उन्होंने कहा, यह देहदान न केवल चिकित्सा जगत के शोध में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भविष्य के डॉक्टरों को मानव शरीर की जटिलताओं को समझने में भी मदद करेगा। देहदान अधिकारी, गजानंद चौहान, ने देहदान की प्रक्रिया की जानकारी दी और इसे संपन्न कराया। साथ ही अस्पताल प्रबंधक डॉ. मनीष शर्मा का इस पूरी प्रक्रिया में विशेष योगदान रहा। अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन ने सुधीर भाई गोयल एवं मुस्कान ग्रुप के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे महान कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपनी देह दान करता है, तो वह समाज को जीवन देने वाले नए डॉक्टरों के निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान देता है।

## टोंक खुर्द में शव शक्ति हिंदू सम्मेलन का आयोजन, उमड़ा जनसैलाब

**सामाजिक समरसता का दिया संदेश**




**टोंक खुर्द।** देवास जिले के नगर टोंक खुर्द में आयोजित शिव शक्ति हिंदू सम्मेलन में धर्म और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में नगर के सर्व समाज के 5000 से अधिक हिंदू धर्मावलंबियों ने सहभागिता कर एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। प्रमुख संतों और वक्ताओं का मिला मार्गदर्शन सम्मेलन में आध्यात्मिक और सामाजिक क्षेत्र की दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। आनंदेश्वरी महादेव धाम (मानसा, सोनकच्छ) के महंत सुदर्शन दास जी त्यागी ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की रक्षा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, बालोन से पधारीं प्रख्यात श्रीमद भागवत कथा वाचक देवी भार्गवी नगर ने भक्ति और शक्ति के समन्वय पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रांत सामाजिक सद्भाव सह-संयोजक जसविंदर सिंह ठकराल ने कहा कि समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को भुलाकर एकजुट होना समय की मांग है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक हिंदू की भूमिका को रेखांकित किया। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें नगर के हर वर्ग और समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे नगर में इस सम्मेलन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के समापन पर सहभोज का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। इस सहभोज ने सामाजिक समरसता और समरस हिंदू-समर्थ भारत के संकल्प को जीवंत कर दिया।

**कविता और जोश का संगम**

हिंदू जागरण मंच (देवास) की सदस्य मिथिलेश सोनी ने भी समाज को जागरूक करने हेतु प्रभावी विचार रखे। कार्यक्रम में उत्साह का संचार तब हुआ जब उज्जैन से आए प्रसिद्ध कवि विवेक शर्मा ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से राष्ट्रवाद की अलख जगाई, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

## नववर्ष बागली के लिए दुखद खबरें लेकर आया

**बागली।** गुरुवार से 2026 का आगमन हुआ लेकिन यह वर्ष शुरुआती दिनों में बागली के कुछ परिवारों के लिए दुखद रहा 1 जनवरी को बागली के वार्ड क्रमांक 4 में वृद्धा गीताबाई सूरजमल परमार के निधन का समाचार मिला 4 जनवरी को दो अन्य परिवारों में जिसमें शामिल वार्ड क्रमांक 5 के प्रवासी भोले नाथ (गोस्वामी) परिवार के एवं वार्ड क्रमांक 10 में तेर सिंह वेपन (भामी) परिवार के सदस्यों का निधन हुआ। अभी तक तीन परिवारों में दुखद घटना घटी है ।मुक्तिधाम सेवा समिति से जुड़े राजकुमार चावड़ा एवं राजेश तंवर ने बताया कि बीते 2025 में भी अधिकतर जवान साथियों की मौत हुई थी। और नए वर्ष के आरंभ में तीन परिवारों में यह दुखद घटना घट गई है। हालांकि सभी निधन वृद्धावस्था के और उम्र दराज के रहे। मुक्तिधाम सेवा समिति भगवान भूतेश्वर महादेव से कामना करती है कि 2026 में दुखद खबरों का सिलसिला कम रहे। बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े पूर्व बीएमओ डॉक्टर हेमंत पटेल ने बताया कि दिसंबर का दूसरा एवं तीसरा सप्ताह तथा जनवरी का प्रथम और दूसरा सप्ताह तापमान में गिरावट वाला रहता है ऐसी स्थिति में बुजुर्ग बीमार लोगों की देखरेख बेहद जरूरी रहती है। इसी दौरान लकवा एवं हार्ट अटैक की घटना बढ़ जाती है वर्तमान में दो दिन से क्षेत्र में कोहरा छाया हुआ है यह भी अस्थमा रोगियों तथा सांस से परेशानी वाले रोगियों के लिए उचित नहीं है। समय-समय पर चिकित्सा परामर्श लेना बेहद जरूरी है।

## दायमा विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान से होंगे सम्मानित



**देवास।** कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं इन्दौर सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशस्तरीय विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 12 जनवरी को प्रात: 10 बजे किमती गार्डन धार रोड इन्दौर पर आयोजित किया जा रहा है सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए देवास के रामसिंह दायमा को विवेकानंद गौरव अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

## सर्ववर्गीय जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट की साधारण सभा

**विनोद जायसवाल अध्यक्ष निर्वाचित**

**देवास।** सर्ववर्गीय जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट की साधारण सभा समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला पर संपन्न हुई। साधारण सभा का शुभारंभ भगवान श्री राज राजेश्वर सहत्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। स्वागत भाषण मनीष जायसवाल ने दिया। ट्रस्ट के तीन वर्षो का लेखा जोखा सचिव सुरेश जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया।

ट्रस्ट के नियमानुसार तीन वर्ष में चुनाव की प्रक्रिया में हजारीलाल जायसवाल उदयनगर ने अध्यक्ष के लिये विनोद जायसवाल के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका नरेन्द्र जायसवाल ने समर्थन किया जिस पर सभी ट्रस्टियों ने हाथ उठाकर अपनी सहमती व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव जायसवाल, उपस्थित रहे । साधारण सभा में नए सदस्यों ने ट्रस्टी बनने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में भगवती प्रसाद अलीराजपुर, राजेन्द्र जायसवाल सोनकच्छ, हरिओम शिवहरे इंदौर, अशोक जायसवाल इंदौर, कुंदनलाल जायसवाल, मदनलाल जायसवाल बैरागढ़, मनरेश जायसवाल ओंकारेश्वर, सुभाष जायसवाल इंदौर, योगेन्द्र जायसवाल इंदौर अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## एलआइसी शाखा कन्नौद द्वारा मृत्यु दावा राशि का भुगतान किया

**कन्नौद। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) की कन्नौद शाखा द्वारा अपने पॉलिसी धारकों को निरंतर श्रेष्ठतम सेवाएं देते हुए पॉलिसी संबंधित सभी कार्य अल्प समय मे किये जा रहे हैं ,नविन पॉलिसी जारी करना, बंद पॉलिसी का पुन:चलन के साथ ही प्रत्याशित दावा राशि, परिपक्वता दावा राशि का भुगतान निर्धारित समय पर करने के साथ मृत्यु दावा राशि का भुगतान समस्त दस्तावेज जमा करने के बाद एक या दो दिनों में किया जा रहा है।**

शाखा स्टाफ की श्रेष्ठतम कार्य प्रणाली से पॉलिसी धारकों में एवं एलआइसी के प्रति विश्वसनियता को दृढ़ता मिली है। गत दिनों पॉलिसी धारक श्रीमती आशा साधु का अल्प बिमारी से 1दिसम्बर को निधन हो गया था उन्होंने अपने जीवन पर पानीगांव के एलआईसी अभिकर्ता मन्नू भाटिया से क्रमश: पचास-पचास हजार रुपए की दो एवं एक लाख रुपए की एक पॉलिसी क्रय की थी। श्रीमती साधु के निधन की खबर पर बीमा अभिकर्ता मन्नू भाटिया एवं विकास अधिकारी आर एल रायकवार ने मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ मृत्यु दावा राशि के समस्त दस्तावेज 29 दिसम्बर को शाखा कार्यालय कन्नौद मे प्रस्तुत किये शाखा प्रबंधक श्री कुलदीप वर्मा ,दावा विभाग के सह. प्रशासनिक अधिकारी हेमंत गेडाम एवं आशिष पटेरिया ने संज्ञान में लेकर उसी दिन संपूर्ण कार्यवाही करते हुए स्व.आशा साधु के परिवार को दो लाख रुपए के बीमाधन राशि पर बोनस सहित दो लाख पैंसठ हजार रुपए का भुगतान किया। उल्लेखनीय है स्व. श्रीमती साधु के जीवन पर जारी की गई ।उक्त पॉलिसियां धन वापसी योजना के अंतर्गत होने से उनके जीवित रहते प्रत्याशित दावा राशि के रूप मे लगभग एक लाख रुपए से अधिक राशि का भुगतान किया जा रहा है।


IRCTC
इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम–नवरत्न)
सीआईएन नंबर – L74899DLI999GOI101707

आईआरसीटीसी – वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई–टेंडर
(दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:–

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
|---|---|---|
| रिफ्रेशमेंट रूम/जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई–टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:**– जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022–47509565–8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।